# चार एक्सप्रेसवे पर लगेंगे 26 चार्जिंग स्टेशन, अदाणी एनर्जी को मिली जिम्मेदारी

अमर उजाला ब्यूरो

**सभी चार्जिंग स्टेशनों पर पहली बार बैटरी स्वैपिंग सुविधा देने की तैयारी**

लखनऊ। एक्सप्रेसवे को इलेक्ट्रिक वाहनों के मुफीद बनाने के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने का रास्ता साफ हो गया है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड, पूर्वांचल और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर 26 ई चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। ये स्टेशन अदाणी टोटल एनर्जी के जरिए बनाए जाएंगे। इन स्टेशनों पर 'बैटरी स्वैपिंग सिस्टम' यानी बैटरी बदलने की सुविधा भी दी जाएगी। इसे शुरु करने से पहले सर्वे किया जाएगा।

चार एक्सप्रेसवे को ई वाहनों के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चार, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर चार, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चार और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर दो चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण होना है। मीटर से पहले का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर यूपीडा लगाएगा। इन्हें बनाने के लिए बीते साल 20 अक्तूबर को आवेदन मांगे गए थे।

टेंडर में छह कंपनियों ने आवेदन किया था। दौड़ में टेस्को चार्जजोन लिमिटेड, अदाणी टोटल एनर्जी ई मोबिलिटी लिमिटेड, वर्दे मोबिलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सर्वोटिक पावर सिस्टम्स लिमिटेड, टाटा पावर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड और कैश योर ड्राइव मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड थीं। सभी कंपनियों ने प्रति किलोवाट एवरेज सर्विस फीस ऑफर की थी। अदाणी टोटल एनर्जी ने 9.74 रुपये प्रति किलोवाट, कैश योर ड्राइव ने 10.49 रुपये, वर्दे मोबिलिटी ने 12.96 रुपये, टाटा पावर ने 13.20 रुपये, सर्वोटिक ने 14.35 रुपये और टेस्को चार्ज जोन ने 21 रुपये प्रति किलोवाट की मांग रखी थी। कीमतों की लड़ाई में सबसे कम कीमत लगाकर अदाणी एनर्जी ने बाजी मार ली। अदाणी एनर्जी चार्जिंग स्टेशन में ही बैटरी स्वैपिंग सिस्टम भी विकसित करेगी। इसे शुरू करने से पहले डिमांड सर्वे किया जाएगा। इस संबंध में कंपनी को लेटर ऑफ अवॉर्ड यूपीडा ने जारी कर दिया है।